**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**04.12.2024 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1387 का उत्तर**

**देश में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं**

**1387. सुश्री सयानी घोष:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) देश भर में जनवरी, 2024 से अब तक रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की कितनी घटनाएं हुई हैं;**

**(ख) जनवरी, 2024 से अब तक रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की इन घटनाओं में कितने लोग मारे गए हैं, कितने घायल हुए हैं और कितने स्थायी रूप से विकलांग हो गए हैं;**

**(ग) जनवरी, 2024 से अब तक मृतकों और घायलों के परिजनों को दिए गए मुआवजे पर कितनी धनराशि व्यय की गई है और किसी लंबित मुआवजे का ब्यौरा क्या है;**

**(घ) सरकार ने रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की कितनी घटनाओं की जांच कराई है और ऐसी जांच के क्या परिणाम रहे हैं; और**

**(ङ) क्या सरकार ने रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की इन घटनाओं के कारण हुए आर्थिक नुकसान का अनुमान लगाया है और यदि हां, तो जनवरी, 2024 से अब तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**


********

**देश में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाओं के संबंध में दिनांक 04.12.2024 को लोक सभा में सुश्री सयानी घोष के अतारांकित प्रश्न सं. 1387 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ङ): गत वर्षों में किए गए विभिन्न संरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संख्या में काफी कमी आई है। गाड़ी के पटरी से उतरने की घटना सहित परिणामी गाड़ी दुर्घटनाएं वर्ष 2014-15 में 135 से घटकर 2023-24 में 40 हो गई हैं, जिसे निम्नानुसार ग्राफ में दर्शाया गया है। इन दुर्घटनाओं के कारणों में मुख्यतः पटरियों में खराबी, रेल इंजन/सवारी डिब्बों में खराबी, उपकरण की विफलता, मानवीय चूक आदि शामिल हैं।**

**यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2004-14 की अवधि के दौरान परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं की संख्या 1711 (औसत 171 प्रतिवर्ष) थी, जो वर्ष 2014-24 की अवधि के दौरान घटकर 678 (औसतन 68 प्रतिवर्ष) रह गई है, जोकि 60% की कमी है।**

**गाड़ी परिचालन में बेहतर संरक्षा दर्शाने वाला अन्य महत्वपूर्ण सूचकांक दुर्घटना प्रति मिलियन रेलगाड़ी किलोमीटर (एपीएमटीकेएम) है, जो वर्ष 2014-15 में 0.11 से घटकर 2023-24 में 0.03 रह गया है, जो उक्त अवधि के दौरान लगभग 73% का सुधार दर्शाता है।**



वर्ष 2024-25 (अप्रैल से नवम्बर) के दौरान, भारतीय रेल में गाड़ी के पटरी से उतरने की घटनाओं सहित 29 परिणामी गाड़ी दुर्घटनाएं हुईं। इन 29 मामलों में से 03 मामलों की जांच रेल संरक्षा आयोग द्वारा की गई है जबकि शेष 26 मामलों की जांच रेलवे की विभागीय समितियों द्वारा की गई है/की जा रही है।

एजेंसियां उचित विचार-विमर्श के बाद, विभिन्न दुर्घटनाओं के संबंध में अपने निष्कर्ष और सिफारिशें प्रस्तुत करती हैं। जांच-पड़ताल के अनुसार, ये दुर्घटनाएं उपस्कर की विफलता, गाड़ी संबंधी कार्यप्रणाली में त्रुटि, पर्यावरण संबंधी कारकों, मानवीय चूकों आदि के कारण हुई।

इन 29 परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं में 17 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 81 व्यक्ति घायल हुए। इस अवधि के दौरान परिणामी गाड़ी दुर्घटनाओं में रेलवे संपत्ति जैसे चल स्टॉक/रेलपथ आदि को हुई हानि की कुल लागत लगभग 19.28 करोड़ रुपये आंकी गई है।

किसी दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना के तुरंत बाद दुर्घटना से पीड़ित व्यक्तियों को अनुग्रह राहत राशि का भुगतान किया जाता है। वर्तमान वर्ष 2024-25 (अप्रैल से नवम्बर) में रेल दुर्घटनाओं में मारे गए और घायल यात्रियों के निकटतम परिजन को रेलवे द्वारा कुल 2.89 करोड़ रु. की अनुग्रह राशि प्रदत्त की गई है।

रेल अधिनियम, 1989 की धारा 124 और 124-ए (धारा 123 के साथ पठित) के तहत यथापरिभाषित गाड़ी दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं में रेल यात्रियों की मृत्यु/चोट के लिए मुआवजे का निर्णय पीड़ितों/उनके आश्रितों द्वारा रेल दावा अधिकरण के समक्ष दायर दावा आवेदन के आधार पर रेल दावा अधिकरण द्वारा किया जाता है और यह समुचित न्यायिक प्रि या का पालन करने के बाद उन मामलों का निपटान किया जाता है। रेल प्रशासन मुआवजा तभी देता है, जब माननीय रेल दावा अधिकरण द्वारा दावेदार के पक्ष में आदेश दिया जाता है और रेलवे द्वारा उस आदेश को लागू करने का निर्णय लिया जाता है। मुआवजा राशि नियत अनुग्रह राशि के अतिरिक्त दी जाती है। वर्तमान वर्ष 2024-25 (अप्रैल से नवम्बर) में रेल दुर्घटनाओं में मारे गए और घायल यात्रियों के निकटतम परिजन को रेलवे द्वारा कुल 8.19 करोड़ रु. की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है।

यह नोट किया जा सकता है कि किसी वर्ष में प्रदत्त मुआवज़े हेतु आवश्यक नहीं कि यह केवल उसी वर्ष की दुर्घटनाओं/हताहतों से संबंधित हो। यह किसी वर्ष में प्रदत्त राशि रेल दावा अधिकरणों या अन्य न्यायालयों द्वारा किसी वर्ष विशेष में निर्णीत मामलों की संख्या पर निर्भर करती है, भले ही वे दावे उस वर्ष से संबंधित न हों, जब दुर्घटना हुई थी।

भारतीय रेल में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। गाड़ी परिचालन में संरक्षा बढ़ाने के लिए किए गए विभिन्न संरक्षा संबंधी उपाय निम्नानुसार हैं:

1. विगत वर्षों में भारतीय रेल में, संरक्षा से संबंधित कार्यों पर व्यय में वृद्धि हुई है जो निम्नानुसार हैः

| संरक्षा संबंधी कार्यों पर व्यय | | | (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| | 2022-23 (वास्तविक) | 2023-24 (वास्तविक) | बजट अनुमान 2024-25 |
| रेलपथ और निर्माण कार्य का अनुरक्षण | 18,115 | 20,322 | 21,386 |
| रेलइंजनों और चल स्टॉक का अनुरक्षण | 27,086 | 30,864 | 31,494 |
| मशीनों का अनुरक्षण | 9,828 | 10,772 | 11,864 |
| सड़क संरक्षा समपार और ऊपरि/निचले सड़क पुल | 5,347 | 6,662 | 9,980 |
| रेलपथ नवीकरण | 16,326 | 17,850 | 17,652 |
| पुल संबंधी कार्य | 1,050 | 1,907 | 2,137 |
| सिगनल एवं दूरसंचार संबंधी कार्य | 2,456 | 3,751 | 4,647 |
| उत्पादन इकाइयों सहित कारखानों तथा संरक्षा पर विविध व्यय | 7,119 | 9,523 | 9,615 |
| कुल | 87,327 | 1,01,651 | 1,08,776 |

2. मानवीय विफलता के कारण होने वाली दुर्घटना रोकने के लिए 31.10.2024 तक 6,608 स्टेशनों पर प्वाइंटों और सिगनलों के केंद्रीकृत परिचालन वाले इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

3. समपार फाटकों पर संरक्षा बढ़ाने के लिए 31.10.2024 तक 11,053 समपार फाटकों पर इंटरलॉकिंग की व्यवस्था की गई है।

4. संरक्षा बढ़ाने के लिए 31.10.2024 तक 6,619 स्टेशनों पर विद्युत साधनों द्वारा रेलपथ अधिभोग के सत्यापन के लिए स्टेशनों के पूर्ण रेलपथ परिपथन की व्यवस्था की गई है।

5. कवच अत्यधिक प्रौद्योगिकी प्रधान प्रणाली है, जिसके लिए सर्वोच्च स्तर के संरक्षा प्रमाणन की आवश्यकता होती है। कवच को जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय स्वचालित रेलगाड़ी रक्षण (एटीपी) प्रणाली के रूप में अपनाया गया था। कवच प्रणाली की उत्तरोत्तर चरणबद्ध रूप में व्यवस्था की जा रही है है। कवच को पहले ही दक्षिण मध्य रेल और उत्तर मध्य रेलवे के 1548 मार्ग किलोमीटर पर संस्थापित किया जा चुका है। वर्तमान में, दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा गलियारों (लगभग 3000 मार्ग किमी) पर कार्य प्रगति पर है। इन रेलमार्गों पर लगभग 1081 मार्ग किमी (दिल्ली-मुंबई खंड पर 705 मार्ग किमी और दिल्ली-हावड़ा खंड पर 376 मार्ग किमी) पर रेलपथ साइड कार्य पूरे कर लिए गए हैं। इन खंडों पर नियमित परीक्षण किए जा रहे हैं।

6. सिगनल प्रणाली की संरक्षा से संबंधित मामलों जैसे अनिवार्य साम्यता जांच, परिवर्तन कार्य संबंधी प्रोटोकॉल, पूर्ण हो चुके कार्यों के रेखांकन तैयार करने आदि पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

7. प्रोटोकॉल के अनुसार सिगनल एवं दूरसंचार उपस्करों के लिए डिस्कनेक्शन और रिकनेक्शन प्रणाली पर पुनः जोर दिया गया है।

8. लोको पायलटों की सतर्कता में सुधार लाने के लिए सभी रेल इंजनों में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं।

9. मास्ट पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड लगाए जाने की व्यवस्था है जो विद्युतीकृत क्षेत्रों में सिगनलों से दो ओएचई मास्ट पहले स्थित होता है ताकि कोहरे के मौसम के कारण दृश्यता कम होने पर क्रू को आगे के संकेत के बारे में चेतावनी मिल सके।

10. कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों में लोको पायलटों के लिए जीपीएस आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस (एफएसडी) की व्यवस्था की जाती है जिससे लोको पायलट को आने वाले मुख्य स्थलों यथा सिगनल, रेल फाटकों आदि की दूरी का पता लग जाता है।

11. प्राथमिक रेलपथ नवीकरण करते समय 60 किग्रा की आधुनिक रेलपथ संरचना, 90 अल्टीमेट टेन्सिल स्ट्रेंथ (यूटीएस) पटरी, प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर (पीएससी) लोचदार बंधन वाले सामान्य/चौड़ी सतह के स्लीपर, पीएससी स्लीपरों पर फैनशेप्ड लेआउट टर्नआउट, गर्डर पुलों पर स्टील चैनल/एच-बीम स्लीपर्स का उपयोग किया जाता है।

12. मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए पीक्यूआरएस, टीआरटी, टी-28 जैसी रेलपथ मशीनों के उपयोग के माध्यम से रेलपथ बिछाने की गतिविधियों का यांत्रिकीकरण।

13.संरक्षा बेहतर करने के लिए रेलपथ नवीकरण की प्रगति बढ़ाने और ज्वाइंटों की वेल्डिंग से बचने के लिए 130 मीटर/260 मीटर लंबे पटरी पैनलों की आपूर्ति को अधिकतम करना।

14.पटरियों में दोष का पता लगाने और दोषपूर्ण पटरियों को समय पर हटाने के लिए रेल की अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन परीक्षण (यूएसएफडी)।

15.लंबी पटरियां बिछाना, एल्यूमिनो थर्मिक वेल्डिंग के उपयोग को कम करना और रेलपथों के लिए बेहतर वैल्डिंग तकनीकों अर्थात फ्लैश बट वेल्डिंग अपनाना।

16.ओएमएस (दोलन निगरानी प्रणाली) और टीआरसी (रेलपथ रिकॉर्डिंग कारों) द्वारा रेलपथ भूमिति की निगरानी।

17.वेल्ड/पटरियों की टूट-फूट का पता लगाने के लिए रेल पटरियों पर पेट्रोलिंग।

18.टर्नआउट नवीनीकरण कार्यों में थिक वेब स्विच और वेल्ड करने योग्य सीएमएस क्रॉसिंग का उपयोग।

19.संरक्षा पद्धतियों के अनुपालन हेतु कर्मचारियों को निगरानी और शिक्षित करने के लिए नियमित अंतराल पर निरीक्षण।

20.युक्तिसंगत अनुरक्षण संबंधी आवश्यकता और इनपुट के इष्टतमीकरण से संबंधित निर्णय लेने के लिए ट्रैक डाटाबेस और डिसीजन सपोर्ट सिस्टम जैसी रेलपथ परिसंपत्तियों की वेब आधारित ऑनलाइन निगरानी प्रणाली को अपनाया गया है।

21.रेलपथ की संरक्षा से संबंधित मामलों अर्थात् एकीकृत ब्लॉक, कॉरिडोर ब्लॉक, कार्य साइट पर संरक्षा, मानसून संबंधी सावधानियों आदि पर विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं।

22.गाड़ियों का सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेल परिसंपत्तियों (सवारी डिब्बों एवं मालडिब्बों) का निवारक अनुरक्षण।

23.पारंपरिक आईसीएफ डिजाइन के रेल डिब्बों के स्थान पर एलएचबी डिजाइन के रेल डिब्बे लगाए जा रहे हैं।

24.जनवरी 2019 तक बड़ी लाइन मार्ग पर सभी मानवरहित समपार फाटकों को समाप्त कर दिया गया है।

25.पुलों का नियमित निरीक्षण करके रेल पुलों की संरक्षा सुनिश्चित की जाती है। इन निरीक्षणों के दौरान स्थितियों के आकलन के आधार पर पुलों का मरम्मत/पुर्नस्थापन कार्य किया जाता है।

26.भारतीय रेल ने सभी सवारी डिब्बों में यात्रियों की व्यापक सूचना के लिए सांविधिक "आग से बचाव संबंधी सूचनाएं" लगाई है। सभी डिब्बों में आग से बचाव संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं ताकि यात्रियों को आग से बचने के लिए विभिन्न 'करने योग्य' और 'न करने योग्य' बातों के विषय में सूचित और सतर्क किया जा सके। इसमें सवारी डिब्बों के भीतर ज्वलनशील वस्तुएँ, विस्फोटकों को साथ न ले जाने, धूम्रपान न करने, जुर्माना आदि से संबंधित सूचनाएं शामिल हैं।

27.उत्पादन इकाइयां नवनिर्मित पावर कारों और पैन्ट्री कारों में आग संसूचक एवं अवरोधन प्रणाली तथा नवनिर्मित सवारी डिब्बों में आग एवं धुआं संसूचक प्रणाली की व्यवस्था कर रही है। क्षेत्रीय रेलों द्वारा मौजूदा सवारी डिब्बों में चरणबद्ध तरीकों से प्रोग्रेसिव फिट्मेन्ट का कार्य भी किया जा रहा है।

28.कर्मचारियों की नियमित काउन्सलिंग की जाती है और उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है।

29.भारतीय रेलों पर (ओपन लाइन) दिनांक 30.11.2023 के सामान्य नियम गजट अधिसूचना के तहत रोलिंग ब्लॉक अवधारणा की शुरूआत की गई है जिसमें परिसंपत्तियों के एकीकृत अनुरक्षण/मरम्मत/प्रतिस्थापन के कार्य को रोलिंग आधार पर 52 सप्ताह पूर्व ही नियोजित किया जाता है और योजना के अनुसार निष्पादित किया जाता है।

रेलवे द्वारा किए गए संरक्षा संबंधी कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार सारणीबद्ध है:-

| क्र.सं. | मदें | 2004-05 से 2013-14 | 2014-15 से 2023-24 | 2004-14 की तुलना में 2014-24 |
|---|---|---|---|---|
| | रेलपथ अनुरक्षण | | | |
| 1. | रेलपथ नवीकरण पर व्यय (करोड़ रूपये में) | 47,038 | 1,09,577 | 2.33 गुना |
| 2. | रेल नवीकरण प्राथमिक (रेलपथ किमी.) | 32,260 | 43,335 | 1.34 गुना |
| 3. | उच्च-गुणवत्ता की पटरियों का उपयोग (60 किग्रा.) (किमी.) | 57,450 | 1,23,717 | 2.15 गुना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | लंबे रेल पैनल (260मी.) (किमी.) | 9,917 | 68,233 | 6.88 गुना |
| 5. | पटरियों की यूएसएफडी (अल्ट्रा सोनिक फ्लॉ डिटेक्शन) जांच (रेलपथ किमी.) | 20,19,630 | 26,52,291 | 1.31 गुना |
| 6. | वेल्डिंग की यूएसएफडी (अल्ट्रा सोनिक फ्लॉ डिटेक्शन) जांच (अदद) | 79,43,940 | 1,73,06,046 | 2.17 गुना |
| 7. | नए जोड़े गए रेलपथ किमी. (रेलपथ किमी.) | 14,985 | 31,180 | 2.08 गुना |
| 8. | वेल्ड संबंधी विफलताएं (अदद) | 2013-14 में: 3699 | 2023-24 में: 481 | 87% कमी |
| 9. | पटरियों में दरारें (अदद) | 2013-14 में: 2548 | 2023-24 में: 383 | 85% कमी |
| 10 | थिक वेब स्विच (अदद) | शून्य | 21,127 | |
| 11 | रेलपथ मशीन (अदद) | 31.03.14 तक = 748 | 31.03.24 तक = 1,661 | 122% वृद्धि |
| | समपार फाटकों को समाप्त करना | | | |
| 1. | मानव रहित समपार फाटकों को समाप्त करना (अदद) | 31.03.14 तक: 8948 | 31.03.24 तक : शून्य (31.01.19 तक सभी बंद कर दिए गए) | 100% कमी |
| 2. | मानव युक्त समपार फाटकों को समाप्त करना (अदद) | 1,137 | 7,075 | 6.21 गुना |
| 3. | रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/ रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) (अदद) | 4,148 | 11,945 | 2.88 गुना |
| 4. | समपार समाप्त करने पर व्यय (एलसी+आरओबी+आरयूबी) | 8,825 | 41,957 | 4.75 गुना |
| | पुल पुनर्स्थापन | | | |
| 1. | पुल पुनर्स्थापन पर व्यय (करोड़ रुपये में) | 3,924 | 8,255 | 2.10 गुना |
| | सिगनल कार्य | | | |
| 1. | इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (स्टेशन) | 837 | 2,964 | 3.52 गुना |
| 2. | स्वचालित ब्लॉक सिगनल (किमी.) | 1,486 | 2,497 | 1.67 गुना |
| 3. | फॉग पास सेफ्टी डिवाइस (अदद) | 31.03.14 तकः 90 | 31.03.24 तकः 19,742 | 219 गुना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | चल स्टॉक | | | |
| 1. | एलएचबी डिब्बों का विनिर्माण (अदद) | 2,337 | 36,933 | 15.80 गुना |
| 2. | वातानुकूलित डिब्बों में अग्नि और धूमन संसूचक प्रणाली का प्रावधान (डिब्बों की संख्या) | 0 | 19,271 | |
| 3. | पेंट्री और पावर कारों में अग्नि संसूचन एवं अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान (डिब्बों की संख्या) | 0 | 2,991 | |
| 4. | गैर-वातानुकूलित डिब्बों में अग्नि शामकों का प्रावधान (डिब्बों की संख्या) | 0 | 66,840 | |

*****